बालाजी को याद किया | Reshmi Sharma

भक्त की जब बात चली तब बालाजी को याद किया
हनुमान जी ने पग पग पर सियाराम का साथ दिया

इनके रहते राम प्रभु को चिंता नहीं सताती थी
जब जब संकट आये प्रभु को याद इन्ही की आती थी
याद इन्ही की आती थी ....
तुमने संभव कर डाला वो राम ने जो आदेश दिया
हनुमान जी ने पग पग पर सियाराम का साथ दिया

लाल लंगोटा हाथ में सोटा तन सिन्दूरी खूब सजा
भूत प्रेत हैं सब घबराते जब भी तेरा नाम सुना
जब भी तेरा नाम सुना.........
श्री राम की भक्ति में ही, राम प्रभु की भक्ति में ही
तुमने जीवन सौंप दिया
हनुमान जी ने पग पग पर सियाराम का साथ दिया

मेहंदीपुर हो या सालासर भीड़ लगी अब भारी हो
मंगल को जन्मे हैं हनुमत संकट के संहारी है
संकट के संहारी हैं..........
धन्य हुआ है जीवन मेरा सरल को इतना प्यार दिया
हनुमान जी ने पग पग पर सियाराम का साथ दिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-reshmi-sharma/